प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत पांच–दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

पन्तगनर 10 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–2023 अनुसूचित जाति उपयोजना के अर्न्तगत मत्स्य विभाग में कुमॉऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के 50 प्रगतिशील मत्स्य पालकों का मत्स्य पालन की उन्नत तकनीके, मूल्य सवंर्धन एवं प्रसंस्करण विषय पर पांच–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों जैसे पुनरार्वती जलजीव पालन, बायोफ्लोक, एक्वापोनिक्स, एक्वा मिमिक्री तथा अन्य वैज्ञानिक विधाओं जैसे समन्वित मत्स्य पालन, ट्राउट पालन, मत्स्य आहार एवं पोषण, रोग प्रबंधन, उत्पाद प्रसंस्करण इत्यादि की जानकारी दी तथा भम्रण कराकर विभिन्न शोध गतिविधियों से मत्स्य पालकों को अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मत्स्य पालकों को मत्स्य विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई विशेषकर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के बारे में। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के डा. मालविका दास, अधिष्ठात्री, डा. आशुतोष मिश्रा, डा. अवधेश कुमार, डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. अनूप कुमार, डा. आकांक्षा खाती तथा विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिया गया। साथ ही मत्स्य विभाग, उत्तराखण्ड के उपनिदेशक मत्स्य श्री प्रमोद कुमार शुक्ल, सहायक निदेशक मत्स्य, ऊधम सिंह नगर, श्री संजय छिम्वाल, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक, श्री रविन्द्र कुमार, श्री त्रिभुवन मोर्या, श्रीमती शिखा आर्या, मत्स्य निरीक्षक श्री मोहन सिंह किरोला, श्रीमती दीपा डौर्बी, श्रीमती दीपा बुधलकोटी तथा फिशरमैन श्री इन्दर लाल आदि मौजूद थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मत्स्य पालकों को जानकारी देते वैज्ञानिक।